राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

अभिभाषण के लिए राज्यपाल विधानसभा गये

विधानसभा में राज्यपाल का स्वागत

–

जयपुर, 17 जनवरी। राज्यपाल श्री कल्याण सिंह गुरूवार को प्रातः 11 बजे पन्द्रहवीं राजस्थान विधान सभा के प्रथम सत्र में अभिभाषण के लिए विधानसभा पहुँचे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री श्री शांति धारीवाल़, मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता और विधानसभा सचिव श्री दिनेश जैन ने विधानसभा पहुँचने पर राज्यपाल श्री सिंह का स्वागत किया। विधानसभा के मुख्य द्वार पर राज्यपाल श्री सिंह को आरएसी की बटालियन ने राष्ट्रीय सलामी दी।

राज्यपाल श्री सिंह को अभिभाषण के लिए सदन में प्रोसेशन में ले जाया गया। विधानसभा जाने से पहले राज भवन में भी राज्यपाल श्री सिंह को राष्ट्रीय सलामी दी गई।

———

फोटो कैप्सन –

1. राज्यपाल श्री कल्याण सिंह सोमवार को विधानसभा सदन में अभिभाषण देते हुए। 17.01.2019
2. राज्यपाल श्री कल्याण सिंह सोमवार को प्रोसेशन में विधानसभा सदन में जाते हुए। 17.01.2019
3. राज्यपाल श्री कल्याण सिंह का गुरूवार को विधानसभा पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए। 17.01.2019
4. राज्यपाल श्री कल्याण सिंह का गुरूवार को विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए। 17.01.2019
5. राज्यपाल श्री कल्याण सिंह को गुरूवार को विधानसभा में आरएसी द्वारा राष्ट्रीय सलामी दी गई। 17.01.2019

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क) राज्यपाल